कलेक्टर ने ली आश्रम, छात्रावास अधीक्षकों की समीक्षा बैठक





## खबर संक्षेप

### डाक विभाग की पेंशन अदालत 30 को

**रायगढ़।** डाक विभाग द्वारा पोस्टल पेंशनरों एवं पोस्टल फैमिली पेंशनरों की पेंशन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 30 जुलाई को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह पेंशन अदालत कार्यालय अधीक्षक डाकघर संभाग रायगढ़ में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगी। अदालत में पोस्टल पेंशनरों एवं पोस्टल फैमिली पेंशनरों की पेंशन प्रकरणों से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों का निपटारा किया जाएगा। डाक विभाग ने बताया है कि शिकायत संबंधी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। आवेदकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने आवेदन में ई.मेल आईडी, मोबाइल नंबर तथा पीपीओ नंबर सहित आवश्यक जानकारी अनिवार्य रूप से अंकित करें, ताकि शिकायतों का प्रभावी एवं शीघ्र निराकरण किया जा सके।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती, ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**रायगढ़।** सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती को प्रेमजाल में फंसाने, उसकी निजी फोटो.वीडियो हासिल करने और मोबाइल का एक्सेस लेकर ब्लैकमेल करने वाले साइबर अपराधी को साइबर पुलिस ने बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने युवती को अंतरंग तस्वीरें और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे 13 हजार रुपए ऐंठ लिए थे। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र की 23 वर्षीय युवती ने 12 जून 2026 को साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

### अब तक केवल ढाई हजार एमटी की ही सप्लाई

# किसानों को डीएपी दे रहा टेंशन जरुरत अभी, मगर उपलब्ध नहीं



### एनपीके, एसएसपी और टीएसपी विकल्प

एनपीके, एसएसपी समेत अन्य खाद को बतौर विकल्प किसानों का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। हालांकि स्टॉक के हिसाब से देखा जाए तो बहुत ज्यादा नहीं है। एनपीके का टारगेट 2500, पोटाश 1600 और एसएसपी का टारगेट 3000 एमटी था। एनपीके का भंडारण 2779 एमटी, पोटाश 1253 और एससपी का भंडारण 3601 एमटी हुआ था। अभी की उपलब्धता देखा जाए तो एनपीके 143 एमटी, पोटाश 244 और एसएसपी 379 एमटी उपलब्ध है। यूरिया, डीएपी, एनपीके, पोटाश और एसएसपी मिलाकर जिले को इस बार 32 हजार 400 एमटी का टारगेट था। अब तक 27 हजार 50 एमटी का भंडारण हुआ है। अभी समितियों में जहां 3439 एमटी खाद बचत है तो थोक में 2079एमटी है। इसमें डीएपी केवल 482एमटी ही स्टॉक में है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अभी डीएपी खाद की जरुरत है तो किसानों को मिल नहीं रहा है, कारण समितियों में खाद नहीं है। इसके विकल्प के तौर पर अन्य खाद लेने की सलाह विभाग के अधिकारी दे रहे हैं, लेकिन किसान उस पर भरोसा नहीं कर पा रहा है। याने किसानों को अभी डीएपी खाद काफी टेंशन दे रहा है।

आज की तारीख में देखा जाए तो समितियों में स्टॉक केवल 482 एमटी ही है। वहीं थोक याने निजी दुकानों में केवल 159 एमटी ही स्टॉक में है। खरीफ सीजन की बात करें तो केवल 2510 एमटी ही डीएपी खाद मिला है। बाकी पुराने बचत के भरोसे काम चल रहा है। जिले करीब साढ़े चार लाख किसान इस समस्या से परेशान हैं। मांग के हिसाब से अब तक केवल 48.73 फीसदी ही आपूर्ति की जा सकी है। अब सप्लाई की उम्मीद भी नहीं है। खाद की डिमांड इस महीने तक ही होगी। इसके बाद यूरिया और कुछ अन्य खाद की मांग किसान ज्यादा करेंगे। डीएपी को बुआई के पहले जुताई और खेत की जुताई या फसल बुआई के दौरान उपयोग किया जाता है। जिले में जून में बारिश नहीं होने के कारण बुआई का काम प्रभावित हो गया था। अभी बारिश हुई है तो किसान बुआई भी कर रहे हैं और रोपा की तैयारी भी कर रहे हैं। इसी दौरान डीएपी खाद की जरुरत पड़ती है, लेकिन उपलब्धता नहीं होने की वजह से दूसरे खाद लेने की सलाह दी जा रही है। हालांकि किसान दूसरे खाद पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। जिले में इस साल काफी कम मात्रा में टारगेट मिला था। 7800 एमटी का टारगेट मिला था। इसमें 46.70 फीसदी खाद का ही भंडारण हो सका है। याने जरुरत के मुताबिक किसानों को खाद नहीं मिला।

### कौन खाद क्या करता है काम

खेतों की सेहत के हिसाब से खाद की संतुलित मात्रा डाली जाती है। यूरिया खाद पौधों का विकास करता है, वानस्पतिक वृद्धि करता है, पीलापन दूर करता है और पौधों की क्षमता बढ़ाता है। बुआई के समय या फसल वृद्धि के समय उपयोग किया जाता है। डीएपी संतुलित पोषक तत्वों, पौधों की वृद्धि, और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करता है। एनपीके में तीन पोषक तत्व होते हैं जो पत्तियों को बढ़ाता है।

# जमीन विवाद में युवक की हत्या, ढाई साल बाद आरोपी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम नवापाली में जनवरी 2024 में हुए चर्चित हत्याकांड में अदालत ने आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी हरिलाल खड़िया 30 वर्ष को हत्या का दोषी ठहराते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत उम्रकैद और अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही अदालत ने छत्तीसगढ़ शासन की पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत मृतक के परिजनों को 1 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति देने की अनुशंसा भी की। जानकारी के अनुसार 28 जनवरी 2024 को ग्राम नवापाली में जमीन समतलीकरण के दौरान विशाल सिंह ठाकुर की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलने पर चक्रधरनगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। विवेचना में सामने आया कि जमीन पाटने को लेकर हुए विवाद के दौरान आरोपी हरिलाल खड़िया ने विशाल सिंह ठाकुर के सिर और गर्दन पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **55 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक।**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

महोदय,

.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)







# कैरेक्टर एक्टर्स को मिलती है छोटी वैनिटी वैन : सुधीर

**मुंबई।** एक्टर सुधीर पांडे को अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। उन्होंने 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' जैसी फिल्में की हैं। हाल ही में एक्टर ने उन एक्टर्स के बारे में बात की जो काफिले लेकर चलते हैं। उन्होंने ऐसे एक्टर्स पर गुस्सा जाहिर किया और कहा कि वो प्रोड्यूसर्स का पैसा बर्बाद करते हैं। साथ ही सुधीर ने कैरेक्टर्स एक्टर्स को लेकर भी रिएक्ट किया है। सुधीर पांडे ने बताया कि कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैन मिलती है। उन्होंने कहा, 'हमारे जैसे कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैनिटी वैन मिलती है। अक्सर हमें छोटी वैनिटी वैन दी जाती है। जो एक्टर पूरे काफिले के साथ आते हैं वो फेक लगते हैं। वो पैसे की बर्बादी है।

लाइफ Style

# काजल



## रामायण इंडिया की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही

काजल अग्रवाल ने फिल्म 'रामायण' को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने दावा किया कि ये भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। उन्होंने अपने किरदार पर भी बात की। नितेश तिवारी की मचअवेटेड फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे। राम के किरदार में उन्हें देखने के लिए दर्शक बेताक हैं। फिल्म में काजल अग्रवाल मंदोदरी की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में काजल ने दावा किया कि 'रामायण' अपने विजन और बड़े पैमाने की वजह से भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। काजल अग्रवाल ने कहा, 'ये फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। मुझे लगता है कि जब 'रामायण' ग्लोबल स्टेज पर रिलीज होगी, तो हर भारतीय के लिए ये गर्व का पल होगा। हमारे हीरो भी आखिरकार उसी लेवल पर नजर आएंगे, जैसे मार्वल के सुपरहीरोज या हैरी पॉटर यूनिवर्स के किरदार दिखाई देते हैं।' जब उनसे पूछा गया कि क्या 'रामायण' भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है, तो उन्होंने कहा, '100 पर्सेंट. इसका बजट, इसकी टेक्निकल क्वालिटी और मेकर्स का विजन बहुत बड़ा है। ये एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसमें पैन इंडिया स्टारकास्ट है और इसे ग्लोबल स्क्रीन के लिए बनाया गया है।' काजल अग्रवाल ने आगे ये भी बताया कि वो इन दिनों मंदोदरी के किरदार के लिए किताबें पढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय मंदोदरी का किरदार निभा रही हूं, इसलिए उनके बारे में किताबें पढ़ रही हूं। मेरे लिए ये किरदार बेहद दिलचस्प है।'

हॉलीवुड मसाला



# दिव्यांग बच्ची की भूमिका में आई थीं नजर

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री केली हॉटल का निधन हो गया है। एक सड़क दुर्घटना में केली की जान गई। वे 18 साल की थीं। अभिनेत्री ने साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' और साल 2024 में रिलीज हुई इसकी अगली कड़ी 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग- द न्यू एम्पायर' में अभिनय किया था। फिल्म में उन्हें 'जिया' नाम की एक दिव्यांग बच्ची भूमिका में देखा गया। फिर साल 2024 में केली 'गॉडजिला वर्सेस कॉन्ग' में भी इसी भूमिका में नजर आई थीं।




# भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही द ओडिसी...

**मुंबई।** इन दिनों थिएटर्स में खूब रौनक है। क्रिस्टोफर नोलन की हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही है। 17 जुलाई को रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारत में शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को भारत में खूब प्यार मिल रहा है। मंडे टेस्ट में इस फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं, मंगलवार को पांचवें दिन कलेक्शन में और इजाफा देखा गया। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 17.40 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे दिन 22 करोड़ रुपए और तीसरे दिन रविवार को 21.90 करोड़ की कमाई की। सोमवार को चौथे दिन फिल्म का कारोबार आठ करोड़ रुपए रहा। मंगलवार को फिल्म ने 8.35 करोड़ रुपए कमाए। पांच दिनों में 'द ओडिसी' का इंडिया नेट कलेक्शन 77.65 करोड़ रुपए हो गया है।



# अशनीर की बायोपिक से खुद को किया अलग

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले हमने आपको जानकारी दी थी कि एंटरप्रेन्योर और भारत पे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर (पर एक बायोपिक बनाई जा रही है। ऐसी खबर आई थी कि आमिर खान इसका हिस्सा होंगे। हालांकि, अब जो जानकारी सामने आ रही है उसके हिसाब से एक्टर ने खुद को इससे अलग कर लिया है। क्रिएटिव डिफरेंस इसकी वजह बताई जा रही है। राहुल मोदी इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं और ये उनकी एक डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू फिल्म भी होगी। श्रद्धा कपूर जोकि राहुल को डेट कर रही हैं इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस हैं। हालांकि, एक रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर अब इस फिल्म से जुड़े नहीं हैं। सूत्र ने बताया,'आमिर को स्टार्ट-अप की दुनिया बहुत पसंद है और वह अशनीर ग्रोवर की बायोपिक के जरिए इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए उत्सुक थे।



# द स्कैम- लीक्ड का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** पूरे देश में जब मेडिकल के पेपर लीक का मुद्दा गरमाया हुआ है। छात्र सड़कों पर आंदोलन करने उतरे हैं। तब बुधवार को वेब सीरीज 'द स्कैम-लीक्ड' का टीजर जारी हुआ है। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। सीरीज का विषय मेडिकल पेपर लीक विषय से मिलता हुआ है। ट्रेलर के साथ कैप्शन लिखा है, 'एक पेपर। लाखों सपने। एक लीक। देश हैरान'। जी5 ने टीजर जारी किया है। इसमें दिखाया जा सकता है कि परीक्षा से ठीक पहले गोदाम से पेपर लीक हो रहे हैं। कारखाने में परीक्षा के पर्चों की छपाई हो रही है। इसी बीच पेपर लीक कर दिया जाता है। इसे कैसे अंजाम दिया गया, इसकी एक झलक दिखाई गई है। इसके बाद सीधे समाचारों में ब्रेकिंग न्यूज फ्लैश होती है कि नीट का पेपर लीक हो गया है।

टीवी मसाला



# सैराब को मिल गया नया ईशान? आशय कर सकते हैं रोहित को रिप्लेस

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया शो 'सैराब' इन दिनों लगातार चर्चा में बना हुआ है। इसकी वजह शो के लीड एक्टर रोहित चंदेल हैं। रोहित पर एक नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगा है। इसी मामले में उन्हें 10 जुलाई से न्यायिक हिरासत में रखा गया है। इसका असर शो की शूटिंग पर भी पड़ा है। हालांकि, मेकर्स ने कहानी को आगे बढ़ाने के लिए ईशान के किरदार को कुछ समय तक किडनैपिंग ट्रैक के जरिए संभाला। अब खबर आ रही है कि मेकर्स ने रोहित चंदेल की जगह नए चेहरे को लाने का फैसला किया है। सास बहू साजिश की एक रिपोर्ट के अनुसार, टीवी के पॉपुलर एक्टर आशय मिश्रा शो में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। वो जल्द ही रोहित चंदेल को रिप्लेस कर सकते हैं। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी तक इस बदलाव को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। रोहित चंदेल की गिरफ्तारी के बाद से ही उनके रिप्लेसमेंट को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही थीं. शुरुआत में माना जा रहा था कि अगर उन्हें जमानत मिल जाती है तो वो शो में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, जमानत नहीं मिलने के बाद मेकर्स ने नए चेहरे के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब आशय मिश्रा सीरियल 'सैराब' में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। माना जा रहा है कि आने वाले एपिसोड्स में इस बदलाव से पर्दा उठ जाएगा। रोहित चंदेल के रिप्लेस होने की खबर से उनके फैंस काफी निराश हैं।

## अलिफ लैला का 'जिन्न' रेसलिंग करते हुए बना एक्टर

**नई दिल्ली।** साल 1993 में रामानंद सागर के एक और शो ने छोटे पर्दे पर खूब धूम मचाई थी। शो का नाम था 'अलिफ लैला'। इस शो में 'जिन्न' के किरदार को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया। 'अरेबियन नाइट्स' की प्रसिद्ध



कहानियों पर आधारित 'अलिफ लैला' में सीमा कंवल, शाहनवाज प्रधान, पिंकी पारिख, गिरजा शंकर और दामिनी कंवल शेट्टी जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे। रामानंद सागर के निर्देशन में बने 'अलिफ लैला' के वैसे तो सभी किरदारों को दर्शकों का प्यार मिला, लेकिन जिसे सबसे ज्यादा याद रखा गया, वह था 'जिन्न'। इस आइकॉनिक किरदार को पहलवान से अभिनेता बने दयाल सिंह कश्यप ने निभाया था। दयाल सिंह कश्यप मूल रूप से हरियाणा के करनाल के रहने वाले हैं। एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले वे एक पेशेवर रेसलर थे। जिस दौरान वे रेसलिंग कर रहे थे, उसी समय किसी ने उन्हें बताया कि रामानंद सागर अपने नए शो 'अलिफ लैला' के लिए ऑडिशन ले रहे हैं। यह सुनते ही दयाल तुरंत ऑडिशन देने पहुंच गए। वहां निर्देशक रामानंद सागर ने उनकी आवाज और भारी-भरकम बॉडी देखते ही उनको सिलेक्ट कर लिया।



# किस्मत वाली हूं, आज तक मेरे साथ गलत बर्ताव नहीं हुआ : सुनिधि

**मुंबई।** सुनिधि चौहान बॉलीवुड की सबसे चर्चित गायिकाओं में से एक हैं। गायिकी के अलावा वह कई सिंगिंग रियलिटी शोज को भी जज कर चुकी हैं। उनके फैंस जानना चाहते हैं कि उन्होंने शोज को जज करना क्यों छोड़ दिया है? इस पर गायिका ने बात की है। सुनिधि चौहान ने शेखर टुनाइट शो में रियलिटी शोज को छोड़ने को लेकर कहा 'मैं बहुत लंबे समय तक इसका हिस्सा रही। लेकिन, फिर मैंने इसे छोड़ दिया, क्योंकि मुझे लगा कि यह मेरी जगह नहीं है।' उन्होंने कहा यह बहुत दुखद बात है। पहले, ऑटो-ट्यून या मेलोडाइन का इस्तेमाल गानों में किसी खास इफेक्ट के लिए किया जाता था। लेकिन, आप ऐसा रियलिटी शो में नहीं कर सकते, जहां आपको पूरी तरह से असली और ईमानदार होना चाहिए। मुझे लग गया कि यह कहीं और जा रहा है, जिसका हिस्सा मैं नहीं बन सकती।' बातचीत इस ओर भी बढ़ी कि लाइव परफॉर्मेंस के दौरान सिंगर्स को कभी-कभी किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शेखर ने केके और सोनू निगम जैसे आर्टिस्ट्स से जुड़ी घटनाओं का जिक्र किया और सुनिधि से पूछा कि क्या उन्हें कभी स्टेज पर अपमानजनक या असहज व्यवहार का सामना करना पड़ा है। इस पर सुनिधि ने कहा 'मैं बहुत किस्मत वाली हूं क्योंकि आज तक मेरे साथ ऐसा बर्ताव नहीं हुआ है। लोगों ने मुझे बहुत प्यार दिया है।.. सिर्फ प्यार ही नहीं, बल्कि सम्मान भी दिया है।'

# ओह माय डॉग में दिखेगा इंसान और डॉग का अनोखा रिश्ता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओह माय डॉग' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर उन्होंने बताया कि ये सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि इंसान और डॉग के बीच के प्यार और भरोसे की कहानी है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान पंकज त्रिपाठी ने बताया कि जब डायरेक्टर अमित राय उनके पास इस फिल्म की कहानी लेकर आए तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी।

***कहानी सुनते ही फिल्म के लिए कर दी हां :*** एक्टर ने कहा, 'मैंने इससे पहले अमित राय के साथ फिल्म 'ओह माय गॉड 2' में काम किया था। जब अमित ने 'ओह माय डॉग' की कहानी सुनाई तो मुझे ये बेहद खास लगी। मैंने अमित से कहा कि मैं फिल्म करूंगा, चाहे मेरा किरदार कुछ भी हो. इंसान और डॉगी के बीच का रिश्ता बहुत अनोखा होता है। एक पालतू जानवर अपने मालिक से बिना किसी शर्त के प्यार करता है। वे सिर्फ साथ नहीं देता, बल्कि परिवार का हिस्सा बन जाता है। ये इसी खूबसूरत भावना को दिखाने वाली फिल्म है।'



## डॉग का प्यार होता है बिना किसी शर्त के

डायरेक्टर अमित राय ने भी ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म की कहानी को लेकर अपनी सोच शेयर की। उन्होंने कहा, 'मेरा उद्देश्य ऐसी कहानी बनाना था, जिससे हर परिवार जुड़ सके. बच्चे और डॉग्स के बीच की दोस्ती दुनिया के सबसे साफ और प्यारे रिश्तों में से एक होती है। इस फिल्म के जरिए मैं दर्शकों को हंसाना भी चाहता हूं और इमोशनल भी करना चाहता हूं. मुझे उम्मीद है कि फिल्म देखने के बाद लोगों के मन में जानवरों के प्रति ज्यादा प्यार और संवेदनशीलता पैदा होगी।'

## एक बच्चे और डॉग की खास दोस्ती की कहानी

ओह माय डॉग' की कहानी एक छोटे बच्चे और एक डॉग के बीच बनने वाली खास दोस्ती पर आधारित है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे एक जानवर और इंसान के बीच का रिश्ता जिंदगी को बदल सकता है। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी के अलावा माही राय, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा और विजय मिश्रा जैसे कलाकार नजर आएंगे. फिल्म में ऑस्कर और ब्रूनो नाम के डॉग्स भी अहम किरदार निभा रहे हैं। खास बात ये है कि फिल्म में 250 से ज्यादा डॉग्स को शामिल किया गया है। फिल्म का निर्माण अमित राय, राजेश भारद्वाज और सना वारसी ने किया है। इसे बाबूलाल बाइस्कोप और थिंकिंग हैट्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## आज भी कास्ट माना जाता है 68 साल पुराना यह गाना

# लता का वो देहाती गाना, जो वैजयंती माला के लिए बना था वरदान

*__नई दिल्ली।__ हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय गायिका रहीं लता मंगेशकर को भला कौन नहीं जानता। अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को दिलों को सुकून पहुंचाने वाली लता दीदी के गाने आज भी अमर है। इस आधार पर आज हम आपको उनके एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें देहाती भाषा का इस्तेमाल किया गया था। 68 साल पुराना वह गाना वेटरन एक्ट्रेस वैजयंती माला के लिए वरदान बना था और आज भी उसे कल्ट माना जाता है।*



### मधुमती का गाना

40 के दशक के बाद ही लता मंगेशकर ने गायिकी की दुनिया में कदम रखा और धीरे-धीरे वह सिनेमा जगत की सबसे चर्चित गायिका बन गईं। पुराने जमाने की लगभग हर दूसरी मूवी के गानों में फीमेल प्लेबैक सिंगर के तौर पर लता दी की आवाज सुनने को मिल जाती थी। ऐसा ही नजारा कुछ साल 1958 में आई अभिनेता दिलीप कुमार और वैजयंती माला स्टारर फिल्म मधुमती में देखने को मिला था। ये फिल्म अपने समय की लोकप्रिय मूवीज में से एक रही और इसको सबसे अधिक लोकप्रियता लता मंगेशकर की आवाज में मौजूद देहाती किस्म के गाने चढ़ गयो पापी बिछुआ... द्वारा मिली थी।

### बदल दी थी वैजयंती माला की किस्मत

फिल्म मधुमती और उसका चढ़ गयो पापी बिछुआ गाना सही मायनों में अभिनेत्री वैजयंती माला के लिए काफी लकी रहा। कहा जाता है कि इस गाने में अपने डांस के दम पर उन्होंने हर किसी को प्रभावित किया। इसके साथ ही इस मूवी और गीत ने इंडस्ट्री में उन्हें एक वर्सेटाइल एक्ट्रेस के तौर पर स्थापित किया।

### पारंपरिक संगीत की धुनों का किया गया प्रयोग

इस सॉन्ग का मूल स्वभाव और संगीत पूरी तरह से ग्रामीण पृष्ठभूमि से नाता रखता है। साथ ही इसमें पारंपरिक संगीत की धुनों का प्रयोग किया गया। इतना ही नहीं असमिया लोक संगीत तालमेल इसमें साफ नजर आता है। इस तरह से लता मंगेशकर का देहाती गाना चढ़ गयो पापी बिछुआ... काफी चर्चा में रहा। आज भी रिलीज के 68 साल बाद भी इसे संगीत की दुनिया में काफी चर्चित माना जाता है। इस गीत के संगीतकार सलिल चौधरी थे और मशहूर गीतकार शैलेंद्र ने आम बोलचाल की भाषा को मद्देनजर रखते हुए इसके लिरिक्स को लिखा था।

## खबर संक्षेप

### 3 लाख का गांजा लेकर जा रही महिला गिरफ्तार

**रायगढ़।** जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अवैध गांजा की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6.290 किलोग्राम गांजा के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख रुपये बताई गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस से एक महिला महाराष्ट्र की ओर गांजा लेकर जा रही है। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर संदिग्ध महिला को पकड़ लिया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम शेख सकीलाबी पति सलाम शेख 48 वर्ष निवासी ग्राम भगवती, पोस्ट कडोली, तहसील सेनगांव, जिला हिंगोली महाराष्ट्र बताया। महिला के नीले रंग के पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर उसमें रखे छह पैकेटों से कुल 6.290 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। जीआरपी ने आरोपी महिला के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### गाज से मृतक की पत्नी को मिला मुआवजा

**जशपुरनगर।** सीएम कैंप कार्यालय में की गई गुहार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आकाशीय बिजली की चपेट में आकर जान गंवाने वाले व्यक्ति की पत्नी को 4 लाख रूपये की मुआवजा राशि उपलब्ध करा दी गई। राहत राशि मिलने के बाद परिजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी संवेदनशील पहल से समय पर न्याय और आर्थिक सहायता मिल सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम झरन (मसरिघाट), पोस्ट घुमरा, तहसील तपकरा निवासी मुनिका बाई विश्वकर्मा के पति की आकाशीय बिजली गिरने से असामयिक मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद लंबे समय तक मुआवजा राशि नहीं मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में आवेदन देकर सहायता की गुहार लगाई थी। आवेदन प्राप्त होते ही मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद प्रशासन ने प्रकरण का शीघ्र निराकरण करते हुए प्रक्रिया करते हुए आवेदिका के बैंक खाते में मुआवजा राशि का भुगतान करा दिया।

### राज्य खेल अलंकरण के लिए आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों से विभिन्न पुरस्कारों एवं सम्मानों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, पंकज विक्रम सम्मान, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि पुरस्कार तथा डाइटमनी (खेलवृत्ति) प्रदान की जाएगी। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा प्रतिवर्ष खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी 5 अगस्त 2026 तक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

### जिले में 23 जुलाई को 99.2 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से 23 जुलाई 2026 तक 3343.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 23 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 4154.3 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 99.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैः तहसील जशपुर में 340.5 मिमी, मनोरा में 581.7 मिमी, कुनकुरी में 411.3 मिमी, दुलदुला में 254.2 मिमी, फरसाबहार में 196.3 मिमी, बगीचा में 245.3 मिमी, काँसाबेल में 366.8 मिमी, पत्थलगाँव में 315.0 मिमी, सन्ना में 445.6 मिमी एवं बागबहार में 186.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 581.7 मिमी दर्ज की गई है। 23 जुलाई को सर्वाधिक मनोरा तहसील में 21.9 मिमी वर्षा हुई।

---

ब्लॉक स्तर के कार्यालयों से होगी शुरुआत, बिजली विभाग ने पूरी की तैयारी

# जिले में 1 अगस्त से सरकारी दफ्तरों में लागू होगी प्रीपेड बिजली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के सरकारी विभागों में 1 अगस्त से बिजली उपभोग की व्यवस्था पूरी तरह बदलने जा रही है। राज्य विद्युत वितरण कंपनी सरकारी कार्यालयों के बिजली कनेक्शनों को प्रीपेड प्रणाली से जोड़ रही है। नई व्यवस्था के तहत सभी विभागों को तीन महीने के औसत बिजली बिल के बराबर राशि अग्रिम जमा करनी होगी। रायगढ़ जिले में पहले चरण में यह व्यवस्था ब्लॉक स्तर के सरकारी कार्यालयों में लागू की जाएगी।

विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसारए लंबे समय से सरकारी विभागों पर बिजली बिल का बकाया बढ़ता जा रहा है। इसी कारण अब बिजली आपूर्ति को अग्रिम भुगतान से जोड़ने का फैसला लिया गया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद विभागों को पहले रिचार्ज कराना होगाए तभी वे बिजली का उपयोग कर सकते हैं। बता दें जिले में बिजली विभाग का सबसे बड़ा बकाएदार नगर निगम, पंचायत विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग आदि है। जिनके लाखों रुपए बकाया रहते हैं। अधिकारियों के मुताबिक जून तक की बकाया राशि को फिलहाल फ्रीज़ कर दिया गया है। इस बकाया का भुगतान संबंधित विभागों को एक वर्ष के भीतर चार आसान किश्तों में करना होगा। वहीं 1 अगस्त से होने वाली बिजली खपत का भुगतान पूरी तरह प्रीपेड प्रणाली के तहत अग्रिम रूप से करना होगा। जिले में पहले चरण में ब्लॉक स्तर पर इसे लागू किया जा रहा है। जिसके बाद शहरी क्षेत्र में स्थित शासकीय दफ्तरों में भी यह प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नई व्यवस्था का उद्देश्य सरकारी विभागों से समय पर बिजली बिल की वसूली सुनिश्चित करना और बढ़ते बकाया पर नियंत्रण करना है। इससे बिजली वितरण कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत होने के साथ विभागों में बिजली खपत की बेहतर निगरानी भी हो सकेगी।

#### जिले में 1177 कनेक्शन होंगे प्री पेड

इस संबंध में विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल शासकीय कनेक्शन की संख्या 1 हजार 177 है, जिनमें स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। वहीं अब इस अभी को प्री पेड सिस्टम से जोड़ा जाएगा। फिलहाल शासकीय दफ्तरों को विद्युत विभाग को 103 करोड़ रुपए बिजली बिल के रूप में भुगतना करना है।

#### हर विभाग को मिलेगा अलग कोड

नई व्यवस्था के संचालन के लिए प्रत्येक सरकारी विभाग को अलग पहचान कोड दिया जा रहा है। भुगतान और समन्वय के लिए विभागवार नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। जिला स्तर पर विभागों के पिछले बिजली बिलों के औसत के आधार पर अग्रिम राशि तय की जा रही है।

#### स्मार्ट मीटर से होगी निगरानी

नई व्यवस्था को लागू करने के लिए अधिकांश सरकारी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली खपत की जानकारी रियल टाइम में उपलब्ध होगी और भुगतान की प्रक्रिया भी डिजिटल रूप से संचालित की जाएगी। इस तकनीक के जरिए विभाग अपनी बिजली खपत पर नजर रख सकेंगे और आवश्यकतानुसार खर्च का प्रबंधन कर पाएंगे।

> 1 अगस्त से सरकारी विभागों में लगे स्मार्ट मीटर को प्री पेड सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इसके लिए तैयारी चल रही है। जिले में 1177 कनेक्शन हैं, जिन पर 103 करोड़ रुपए बकाया है।
>
> **आरके राव**
> ईई सीएसपीडीसीएल

---

# देवांगन धर्मशाला संचालन पर बनी सहमति, युवा देवांगन बूढ़ी माई सेवा समिति को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी पक्षों की सहमति, समाज के वरिष्ठजनों के समर्थन से लिया गया निर्णय**




नया गंज कोष्टापारा स्थित देवांगन धर्मशाला के संचालन को लेकर लंबे समय से चल रही स्थिति अब स्पष्ट होती नजर आ रही है। एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित प्रशासनिक बैठक में सभी संबंधित पक्षों की बात सुनने और दस्तावेजों की जांच के बाद युवा देवांगन बूढ़ी माई सेवा समिति को धर्मशाला संचालन की जिम्मेदारी सौंपने पर सहमति बनी।

बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रमुख व्यक्तियों की राय को भी महत्व दिया गया। चर्चा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि युवा देवांगन बूढ़ी माई सेवा समिति विधिवत पंजीकृत संस्था है और उसे समाज के वरिष्ठजनों का समर्थन प्राप्त है। इसके आधार पर प्रशासन ने धर्मशाला संचालन को लेकर निर्णय लिया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि देवांगन धर्मशाला समाज की अमूल्य धरोहर है, जिसका संचालन पूरी पारदर्शिता, सेवा भावना और समाजहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धर्मशाला का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना, सामाजिक एकता को मजबूत करना और सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। समिति ने समाज के सभी लोगों से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए धर्मशाला के विकास एवं समाजहित के कार्यों में सहयोग की अपील भी की। वहीं समाज के वरिष्ठजनों ने इस निर्णय को संगठनात्मक एकता और सामूहिक विकास की दिशा में सकारात्मक पहल बताया। बैठक में वर्तमान में धर्मशाला का संचालन कर रहे समिति के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक एक लाख 13 हजार 705 घरों में लगा स्मार्ट मीटर

**रायगढ़।** जिले में 01 लाख 13 हजार 607 घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। जिले के उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब बिजली बिल को लेकर पहले जैसी असमंजस की स्थिति नहीं रहती, क्योंकि बिजली खपत से जुड़ी पूरी जानकारी उपलब्ध हो जाती है। बिजली का उपयोग भी सोच समझकर करते है। जिससे बिजली खपत पर नियंत्रण हो रहा है। वहीं ऑनलाइन बिल भुगतान से समय की बचत हो रही है और रियल टाइम जानकारी से पारदर्शिता बढ़ी है। रायगढ़ निवासी रिकेश कुमार सोनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल पूरी तरह पारदर्शी हो गया है। अब मीटर रीडिंग के लिए किसी के आने का इंतजार नहीं करना पड़ता। मोर बिजली ऐप के माध्यम से प्रतिदिन यह देखा जा सकता है कि कितनी बिजली खर्च हुई, अनुमानित बिल कितना बनेगा और भुगतान कब करना है।

---

## छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की बैठक



**रायगढ़।** समग्र अग्रवाल समाज को संगठितए सशक्त एवं सेवा कार्यों से जोड़ने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा प्रदेश स्तरीय पाँच दिवसीय जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वहीं इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए रायगढ़ के जिला अध्यक्ष तरूण अग्रवाल व सचिव अमितेश गर्ग ने बताया कि संगठन अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुरेश मंगल व संजीव अग्रवाल का शुभागमन हुआ। वहीं सभी अतिथि पदाधिकारियों का शहर के अग्र समाज के गणमान्य नागरिकों व छत्तीसगढ़ प्रांतीय संगठन रायगढ़ के पदाधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट व माला पहनाकर भव्यता के साथ आत्मीय स्वागत किया।

रायगढ़ में हुई विशेष बैठक उन्होंने बताया कि इसी क्रम में विगत 22 जुलाई बुधवार को रात्रि 7:30 बजे गैलेक्सी मॉलए रायगढ़ में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वर्तमान परिस्थिति को सुदृढ़ करने एवं भविष्य की दिशा तय करने पर सामूहिक मंथन किया गया।वहीं बैठक के अंतर्गत समाज के सभी संगठनों को एक मंच पर लाकर एकजुटता बढ़ाने पर सहमति, युवा एवं मातृशक्ति की भागीदारी, युवाओं को नेतृत्व एवं मातृशक्ति को निर्णय प्रक्रिया में प्रमुख भूमिका देने का प्रस्ताव, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए नई योजनाओं पर चर्चा और विभिन्न अग्रवाल.मारवाड़ी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह बदलते परिवेश में समाज के लिए प्रभावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई व बैठक में उपस्थित प्रबुद्धजनों के सुझावों के आधार पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए और समाज से उन्हें आत्मसात कर पालन करने का आग्रह किया गया। साथ ही समाज के साथ हो रही राजनैतिक उपेक्षा के विरोध हेतु ठोस नीतियां निर्धारित की गईंए ताकि समाज को उचित सम्मान एवं प्रतिनिधित्व मिल सके।

## बागबहार मार्ग पर घुटने तक भरा पानी, बने जानलेवा गड्ढे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा



जिले के कोतबा में कारगिल चौक से बागबहार तक बन रही 40 करोड़ की सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लगातार उठ रही आवाजों के बीच विभाग ने अब भारी बरसात में सड़क के दोनों ओर 10-10 मीटर नापकर अतिक्रमण हटाने का फरमान सुना दिया है, जिससे रहवासियों में दहशत का माहौल है।

इस सड़क पर घुटने भर पानी और जानलेवा गड्ढे हैं, जिससे लोगों का आवागमन दूभर हो गया है। पीडब्ल्यूडी ने पिछले सप्ताह कारगिल चौक से बस्ती क्षेत्र में मौखिक अल्टीमेटम जारी कर अतिक्रमण हटाने कहा है। स्थानीय निवासियों का स्पष्ट कहना है कि वे अतिक्रमण हटाने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन विभाग पिछले 10 महीनों से सूखे के मौसम में गहरी नींद में क्यों सोया रहा। अब इस मूसलाधार मानसूनी आफत में लोग अपना आशियाना कैसे तोड़ेंगे। रहवासियों का आरोप है कि यह पूरी कवायद केवल ठेकेदार को बचाने और अपनी गैर-जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली से ध्यान भटकाने का हथकंडा है। सड़क की दुर्दशा और विभाग के इस अमानवीय रवैये ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष ने भी पीडब्ल्यूडी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पुतला दहन



**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ अध्यक्ष शाखा यादव व ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। और भारी बारिश के बावजूद कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हुए पेपर लीक, केंद्र सरकार की शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त कुव्यवस्था, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग तथा दिल्ली के जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्र छात्राओं के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी का कड़ा विरोध किया गया।

कांग्रेस ने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर सबसे अधिक चिंतित है। वर्षों की कठिन मेहनत और लाखों रुपये खर्च कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के सपनों को लगातार हो रहे पेपर लीक ने चकनाचूर कर दिया है। इसके बावजूद केंद्र सरकार दोषियों पर कार्रवाई के बजाय अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने में लगी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर पर देशभर से आए लाखों छात्र-छात्राएं अपने अधिकार और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। उनके समर्थन में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार करना लोकतंत्र की आवाज को कुचलने का प्रयास है। यह कार्रवाई पूरी तरह अलोकतांत्रिक, दुर्भावनापूर्ण और तानाशाही मानसिकता का परिचायक है जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़ी निंदा करती है। शाखा यादव ने कहा कि मोदी सरकार को यह समझना होगा कि छात्रों की आवाज़ को गिरफ्तार करके उनके भविष्य के सवालों को दबाया नहीं जा सकता। कांग्रेस पार्टी देश के प्रत्येक छात्र और युवाओं के समर्थन में हमेशा मजबूती से खड़ी है और उनके अधिकारों की लड़ाई निरंतर लड़ती रहेगी।

---

## कांग्रेस मासूम छात्रों को ढाल बनाकर कुर्सी पाना चाहती हैः शर्मा



**रायगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुमीत शर्मा ने नीट पेपर लीक मामले पर राहुल गांधी के रवैये को 2014 में खोई प्रधानमंत्री की कुर्सी पाने का दुष्प्रयास बताया है। सुमीत शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी ने सेलेक्टिव मामले उठाकर साबित कर दिया कि उन्हें छात्र हित से कोई सरोकार नहीं है। उन्हें सिर्फ मासूम छात्रों को ढाल बनाकर किसी तरह प्रधान मंत्री की कुर्सी चाहिए। सुमीत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को दर्द भी सेलेक्टिव होता है। राहुल गांधी नीट लीक पर आप संसद से सड़क तक चिल्लाते हैं। पर झारखंड के हजारीबाग से जब नीट लीक का तार जुड़ाए तब आप चुप क्यों थे। कर्नाटक में केपीएससी लीक हुआ, हिमाचल में लीक हुआ, तेलंगाना में ग्रुप.1 लीक हुआ तब आपके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। ना ही आपने चिंता जाहिर की। ना ही ऐसा को सुझाव दिया जिससे घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोक कर छात्रों के सपनो को टूटने से किसी तरह बचाया जा सके। इन राज्यों में हुई पेपर लीक की घटनाओं के वे सिर्फ इसलिए चुप्पी साधे हुए थे क्योंकि वहां कांग्रेस की सरकार है। जहां भाजपा की सरकार होती है वहीं का दर्द आपको दिखता है। कांग्रेस की इस राजनीति का उद्देश्य छात्र हित नहीं, बल्कि कुर्सी हित है। छत्तीसगढ़ में भूपेश कार्यकाल के दौरान घोटाला पर भी राहुल मौन रहे बल्कि इस मामले में विपक्ष के दौरान ओपी चौधरी ने सत्ता आने के दौरान सीबीआई जांच के लिए आश्वस्त किया और साय सरकार ने सत्ता संभालते ही सीबीआई जांच की ओर दोषियों को जेल भेजा।

### प्रयास में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद अब काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग द्वारा काउंसलिंग के लिए चयनित छात्र-छात्राओं की सूची एवं तिथि विभागीय वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

**TOP IN RAIGARH**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## जिला अस्पताल में कैंसर जांच शिविर, विशेषज्ञों ने दी जांच और उपचार संबंधी सलाह



**रायगढ़।** जिले में कैंसर की समय पर पहचान और उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय में बुधवार को निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय गैर संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल और बालको मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक सलाह दी। शिविर का शुभारंभ महापौर जीवर्धन चौहान ने किया। शिविर में महिलाओं के लिए स्तन कैंसर की जांच हेतु मैमोग्राफी मशीन एवं थर्मल स्केनर तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही मुंह एवं मुखगुहा के कैंसर की जांच, आवश्यक नमूना संग्रहण तथा बीपी, ब्लड सुगर एवं बीएमआई की निःशुल्क जांच भी की गई।

**न्यायालय तहसीलदार सरिया, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0
बी-121 / वर्ष 2025-26
ग्राम सरिया तहसील सरिया
जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुस्कान अग्रवाल पिता मुकेश अग्रवाल निवासी सरिया तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा आवेदन पेश कर आवेदक अपने स्वयं के लिए केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति एवं शैक्षाणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित आर्थिक कमजोर वर्ग (E.W.S) के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने का लेखकर आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने निवेदन किया गया है।

अत : उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 31.07.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार सरिया**

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप




### गौ विज्ञान परीक्षा में छात्रा झलक ने बढ़ाया मान

**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक की छात्रा झलक नायक ने गौ विज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया है। राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित गौ संगम एवं गौ विज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने उन्हें सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जैविक कृषि और पर्यावरण संरक्षण की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। प्रत्येक परिवार गौ सेवा एवं संरक्षण का संकल्प लेगा, तभी यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकेगा। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी मौजूद रहे।

### जीत का प्रयास बालक विद्यालय के लिए चयन

**घौठला बड़े।** तहसील सारंगढ़ के ग्राम माधोपाली निवासी संतोष



पटेल के सुपुत्र जीत पटेल का चयन प्रयास अन्य पिछड़ा वर्ग बालक आवासीय विद्यालय रायपुर में हुआ है। इस उपलब्धि से परिवार एवं पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन करेंगे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**रायगढ़।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती, अमर क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती तथा अविभाजित मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की राजनीति के पुरोधा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ के अध्यक्ष शाखा यादव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने तीनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प को स्मरण किया। शाखा यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा का उद्घोष कर देशवासियों में स्वतंत्रता की अलख जगाई। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का मूल नाम केशव गंगाधर तिलक था पेशे से शिक्षक थे वे एक आदर्श समाज सुधारक होने के साथ उनका राष्ट्रवादी विचारधारा उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रेरित किया।

## बालिकाओं की सुरक्षा, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश

# कलेक्टर ने ली आश्रम, छात्रावास अधीक्षकों की समीक्षा बैठक




समीक्षा बैठक लेती कलेक्टर पद्मिनी भोई, उपस्थित अधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जिले के आश्रम छात्रावास में निवासरत बच्चों के सर्वांगींण विकास के लिए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने आश्रम, छात्रावासों की समीक्षा की और बच्चों की सेहत, शिक्षा, अनुशासन, सुरक्षा और ऑनलाइन उपस्थिति पर जोर दिया।

उन्होंने छात्रावासों की कुशल व्यवस्था, विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली की विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने बालक बालिका को पालक की तरह ध्यान देने और अनुशासन का पालन कराने के निर्देश दिए। विशेष रूप से कन्या छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सभी गर्ल्स हॉस्टलों में सुरक्षा गार्ड की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा सीसीटीवी कैमरों को हमेशा चालू एवं कार्यशील रखने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावासों में सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का कड़ाई से पालन करने को कहा। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने सभी अधीक्षकों से ऑनलाइन अटेंडेंस चेक इन एवं चेक आउट की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक अधीक्षक नियमित रूप से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करें। ऑनलाइन उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन छात्रावासों में नियमित अधीक्षक पदस्थ नहीं हैंए वहां संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों को प्रभारी अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे सभी प्रभारी अधीक्षकों को छात्रावास में ही निवास करते हुए विद्यार्थियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि छात्रावास में जितने विद्यार्थी दर्ज हैं।

### बालिका शौचालय मुक्तिधाम की स्वीकृति

**रायगढ़।** विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जीराम जी के अंतर्गत जिले में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मिशन के प्रथम चरण में बालिका शौचालय, मुक्तिधाम एवं सैंड फिल्टर जैसे आधारभूत एवं जनकल्याणकारी कार्यों को शामिल किया गया है। आगामी सीईओ कॉन्फ्रेंस को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने इन प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की प्रक्रिया तेज कर दी है, ताकि स्वीकृति मिलते ही कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन का उद्देश्य इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छताए जल संरक्षण, सामाजिक गरिमा और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। जिला प्रशासन ने सभी जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, वहीं संबंधित अधिकारियों को भी स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाने और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश जारी किए गए हैं। वीबी जीराम जी मिशन के अंतर्गत जिन कार्यों की शुरुआत की जा रही है उनका सीधा संबंध ग्रामीण समुदाय से है।



## प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत प्रथम गर्भवती माताओं को 5 हजार तथा दूसरी बार बालिका को जन्म देने के स्थिति में 6 हजार रूपए इस योजना के तहत माताओं को शासन द्वारा राशि दी जाती रही है। जिसके लिए सतत मानिटरींग के साथ साथ उसके दस्तावेज संधारण के लिए क्षेत्र के आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को अपडेट कराने की जरूरत होती है।

इस तथ्य के मद्देनजर पुसौर एकीकृत बाल विकास परियोजना प्रमुख कार्यक्रम अधिकारी एवं 11 सेक्टर के पर्यवेक्षण गण अपने अपने क्षेत्र में सघन कार्यशाला आयोजित कर रहे हैं। इसी कड़ी में पुसौर जनपद कार्यालय में पुसौर सेक्टर एवं एक अन्य सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें एक सक्षम अधिकारी जिला कार्यालय से भी आए थे। जानकारी के मुताविक इसके लिए कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र के गर्भवती माताओं का पंजीयन कराना होता है जिनके आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज जमा करना होता है इसी तरह जिन माताओं का दुसरी बार बालिका जन्म होता है संबंधित माता एवं उसके परिजन उस नवजात बालिका को समुचे टीके वगैरह लगवाए या नहीं इसके सारे दस्तावेज एकत्र करना होता है।

## शिक्षक विजय के वेतन का एक प्रतिशत अभियान विद्यार्थियों के मुस्कान का हिस्सा बन रहा

**घरघोड़ा।** छात्र छात्राओं के हित एवं उनको प्रोत्साहित करने के दृष्टिकोण से चलाए जा रहे अभियान मासिक वेतन का एक प्रतिशत अभियान के शिक्षक विजय पंडा ने प्रयास आवासीय विद्यालय में सफलता प्राप्त करने वाली छात्राओं को एवं कक्षा आठवीं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान बनाने वाली छात्राओं को पुरुष्कार प्रदान कर उनको प्रोत्साहित करते हुए उनके मुस्कान का हिस्सा बने द्यकक्षा आठवीं मे आँचल भोय, अनामिका महंत, मुस्कान कुम्हार एवं प्रयास आवासीय विद्यालय में आँचल



भोय, रविना जोल्हे, जश्मिता पंडा, गायत्री मांझी ने अपना स्थान बनाते हुए सफलता प्राप्त किया। इस अवसर पर शैक्षणिक उपस्कर एवं रंगीन छतरी प्रदान किया गया। कन्या माध्य शाला घरघोड़ा में पदस्थ शिक्षक विजय पंडा ने अपने मासिक वेतन का एक प्रतिशत अभियान को आगे बढ़ाने की अपील अन्य शिक्षकों से की है ताकि स्कूली शिक्षा का समग्र वातावरण बन सके। व्याख्याता संतराम साहू शिक्षिका सावित्री पटेल ने छात्राओं को बधाई देते हुए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान एवं उत्साह का माहौल देखा गया।

### उद्यानिकी फसलों का 31 जुलाई तक होगा पंजीयन

**सारंगढ़।** जिले में उद्यानिकी फसलों के बीमा प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। शासन द्वारा इस वर्ष समस्त ऋणी एवं अऋणी उद्यानिकी कृषकों के लिए फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मौसम के प्रतिकूल घटकों जैसे अनियमित वर्षा, अत्यधिक तापमान, ओलावृष्टि व किट व्याधि उद्यानिकी फसलों का होने वाले आर्थिक नुकसान से कृषकों को सुरक्षा कवच प्रदान कराना है। कृषक खरीफ मौसम में टमाटर, बैगन, मिर्च, अदरक, पपीता, अमरूद एवं केला फसलों का बीमा करा सकते हैं।

## कृषि पशुपालन व उद्यम से जुड़ी महिलाएं, अब स्थानीय बीजों, अनाजों से बना रहीं राखियां

**रायगढ़।** कृषि पशुपालन और विभिन्न उद्यम गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहीं धरमजयगढ़ ब्लॉक की महिलाएं अब स्थानीय बीजों और अनाजों से आकर्षक राखियां तैयार कर रही हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी स्व.सहायता समूहों की महिलाओं ने रक्षाबंधन पर्व को आजीविका से जोड़ते हुए बीज राखियों का निर्माण शुरू किया है। स्थानीय संसाधनों से तैयार हो रही ये राखियां महिलाओं को अतिरिक्त आय का अवसर देने के



साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रही हैं। धरमजयगढ़ विकासखंड के आठ स्व.सहायता समूहों की महिलाएं विभिन्न प्रकार के बीजों और अनाजों से आकर्षक बीज राखियां तैयार कर रही हैं। इनमें बरबट्टी, मक्का, कुम्हड़ा, लौकी, करेला, सेमी, ग्वारफली, भिंडी, उड़दए मसूरए मूंगफलीए धान और चावल जैसे स्थानीय बीजों का उपयोग किया जा रहा है। फेवीकोल, रंग, स्टीकर और धागे की सहायता से तैयार की जा रही ये राखियां आकर्षक होने के साथ पर्यावरण के अनुकूल भी हैं। इन बीज राखियों की खासियत यह है कि रक्षाबंधन के बाद इन्हें मिट्टी में दबाने पर इनमें मौजूद बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले सकते हैं।

## नपं के मनोनीत पार्षदों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ




**सरिया।** नगर पंचायत सरिया में गुरुवार सुबह मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय नायक, नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप, शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे। समारोह में शासन द्वारा मनोनीत पार्षद सुनील मेहर, दिलीप साहू, ध्वजाराम प्रधान ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में नगर पंचायत सरिया के पार्षद गण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। एसडीएम सारंगढ़ उमेश साहू ने मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण कराया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत नपं सरिया में जहां शपथ ग्रहण के बाद सभी मनोनीत पार्षदों ने नगर पंचायत सरिया के सर्वांगीण विकास स्वच्छता, पेयजल, सड़क और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। तीनों मनोनीत पार्षदों ने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतारते हुए क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, नपं अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप ने भी शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित किया। मीडिया से चर्चा के दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही ने विश्वास जताया कि मनोनीत पार्षद राजनीति से ऊपर उठकर, पूरी पारदर्शिता और समर्पित भाव से जन सेवा के कार्य में जुटेंगे।

### युवाओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रायगढ़।** तमनार क्षेत्र के युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन और जिंदल पावर तमनार के बीच विशेष पहल की गई है। इसी पहल के तहत बुधवार को तमनार स्थित शासकीय आईटीआई भवन में जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में तकनीकी कौशल प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम में एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने कहा कि युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कौशल विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित युवाओं की मांग बढ़ रही है। ऐसे में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि तीन माह का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि वे प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता और अनुशासन के साथ पूरा करें।




## कन्या शाला से प्रयास आवासीय परीक्षा में चार छात्राओं का चयन



**घरघोड़ा।** शास कन्या पूर्व माध्य शाला घरघोड़ा के प्रयास आवासीय विद्यालय प्रतियोगिता में चार छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। कन्या माध्यमिक विद्यालय घरघोड़ा से आँचल भोय, रविना जोल्हे, जश्मिता पंडा, गायत्री मांझी ने प्रयास विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

छात्राओं की सफलता से पालकों शिक्षकों में हर्ष का वातावरण निर्मित होते हुए शासकीय विद्यालय ने जन समुदाय के मध्य एक विश्वास अर्जित किया है। यही कारण है की उक्त विद्यालय में विगत वर्षो से दर्ज संख्या विकासखंड के अन्य विद्यालयों की तुलना में सर्वाधिक क्रम में रहती है। छात्राओं की उक्त सफलता से विकास खंड शिक्षा अधिकारी शशिधर निषाद, प्राचार्य हरीश चंद्र बेहरा विकास खंड स्त्रोत समन्वयक मनोज प्रधान, प्रधानपाठक संविदा अखिलेश कुमार मिश्रा ज्योति खलखो, निवेदिता सिंह ठाकुर सहित ज्ञान दीप पुरुष्कार प्राप्त शिक्षक विजय पंडा ने छात्राओं की कड़ी मेहनत की सराहना की है।

